BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शनिवार, 27 जुलाई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# प्रगति महाविद्यालय में करगिल विजय दिवस समारोह आयोजित



**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री गुजराती प्रगति समाज द्वारा संचालित प्रगति महाविद्यालय डिग्री कॉलेज, 4/1 कंपनी, 1 तेलंगाना बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में शुक्रवार को 25वां करगिल विजय दिवस भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. ए माधवीलता ने इस अवसर पर देश के लिए अपने प्राणों की आहुतियों देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित हुए कहा कि आज हम चैन के साथ अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं तो सिर्फ अपनी सेना के कारण। इसलिए हम सब उनके आभारी हैं, जो 24 घंटे सरहद पर देश की सुरक्षा में लगे हुए हैं। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कप्तान डॉ. टी पी सिंह ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि हम सब हमेशा उन शूर-वीरों के शुक्र गुज़ार हैं, जो देश की सरहद पर 24 घंटे पहरा दे रहे हैं। इसलिए हम सब को करगिल युद्ध में शहीद शूर-वीरों को सदा स्मरण करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष अमित सिंह उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में शहीद शूर-वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और इस उपलक्ष्य में एनसीसी अधिकारी एवं कैडेट्स द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने भारी संख्या में भाग लिया।



श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर चारमीनार की ट्रस्टी शशिकला और सूर्य प्रकाश शुक्रवार को तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, तेलंगाना के स्वास्थ्य और चिकित्सा कैबिनेट मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा और तेलंगाना के सड़क, भवन और सिनेमैटोग्राफी मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी को बोनालू उत्सव के लिए आमंत्रित करते हुए।

# विवेक वर्धिनी महाविद्यालय में मनाया गया करगिल विजय दिवस



**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विवेक वर्धिनी महाविद्यालय में करगिल विजय दिवस की रजत जयन्ती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस बाबत जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में विवेक वर्धिनी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. विद्याधर ने बताया है कि केन्द्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार एवं विवेक वर्धिनी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में करगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर करगिल युद्ध से संबंधित चित्र प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त एयर मार्शल बी. चन्द्रशेखर ने उद्घाटन किया। ए. हरिबाबू ने अपने स्वागत भाषण में करगिल युद्ध का वर्णन करते हुए मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.विद्याधर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज से पच्चीस वर्ष पूर्व देश के वीर सैनिकों ने पाकिस्तान द्वारा धोखे से किए गए हमले का मुकाबला करते हुए युद्ध में विजय प्राप्त की। इस युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भावना से देश के लिए बलिदान हुए सैनिकों से आज की युवा पीढ़ी को शिक्षित होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित विवेक वर्धिनी शिक्षण संस्था के अध्यक्ष सदाशिव सावरीकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस में से अधिकांश विद्यार्थी करगिल युद्ध के समय पैदा भी नहीं हुए होंगे। ऐसे समय में इन विद्यार्थियों को अमर शहीद सैनिकों के बलिदानों से शिक्षा लेनी चाहिए ।इस ओर केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने जो पहल की है, निस्संदेह अभिनंदनीय है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावनाओं जागृत किया जा सकता है। इस प्रकार के कार्यक्रम हमारी संस्था में आयोजित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। विशेष अतिथि श्रुति पाटिल ने कहा कि करगिल के वीर सैनिकों ने कठिन परिश्रम से संघर्ष कर के विजय प्राप्त की। मुख्य अतिथि का परिचय एनएसएस अधिकारी डॉ. जगदेवी मूले ने दिया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त एयर मार्शल बी.चन्द्रशेखर ने पीपीटी के माध्यम से करगिल युद्ध प्रारंभ से अंत तक कैसा चला, उसका संपूर्ण वर्णन आंखों देखा हाल की तरह विस्तार पूर्वक किया है। सैनिक ठंड के माइनस डिग्री वातावरण में पहाड़ों पर किसी प्रकार की सुविधा न होते हुए भूखे-प्यासे बड़े हिम्मत के साथ युद्ध करते हुए विजय प्राप्त की। विद्यार्थियों को आर्मी, नेवी और एयर फोर्स में भर्ती हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु निबंध, भाषण एवं चित्र कला की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में वेणु एवं आशा गौलीकर के नेतृत्व में एन-सीसी के कैडेटों ने मुख्य अतिथि का गार्ड ऑफ ऑनर के माध्यम से स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. एन. मीनाक्षी, डॉ. राजश्री, डॉ. रजनी चौधरी, डॉ. विजयश्री, डॉ. शैलजा पाटिल, डॉ. वेंकन्ना, डॉ. सौम्या तथा विवेक वर्धिनी शिक्षण संस्थाओं के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी मोनिका ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जयन्ती देशपांडे ने दिया। राष्ट्र गीत के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।




# अत्तापुर में श्रीमद् भागवत कथा की तैयारीयो की समीक्षा बैठक कल

**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी जागृति समिति के तत्वावधान में श्रावण मास के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन गुरुवार 8 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से 7:30 बजे तक अत्तापुर स्थित ब्रह्मचारी मठ राधा कृष्ण मंदिर पर्ल काउंटी के सामने आयोजित किया जाएगा। कथावाचक 15 वर्षीय बाल विदुषी सुश्री हरी प्रिया वैष्णवी अपनी अमृत में वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगी। इस अवसर पर 15 अगस्त गुरुवार दोपहर 3:30 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक संगीतमय सुंदरकांड पाठ निजामाबाद निवासी शारडा बंधुओं द्वारा किया जाएगा। इस आशय की जानकारी समिति अध्यक्ष श्रीनिवास सोमानी एवं भागवत कार्यक्रम के संयोजक पवन नालपुरिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी। विज्ञप्ति में श्रीनिवास सोमानी ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान बद्री प्रसाद सरायवाला अध्यक्ष अग्रवाल समाज अत्तापुर होंगे। दैनिक यजमान राम अवतार गुप्ता अत्तापुर पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल समाज, जमुनालाल काकानी समाजसेवी, वेणुगोपाल तोतला प्रसिद्ध उद्योगपति, बृज गोपाल असावा डायरेक्टर महेश बैंक, रुपेश सोनी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अखिल भारतीयवर्षीय महेश्वरी युवा संगठन, राजकुमार अग्रवाल अत्तापुर, संजय गुप्ता अत्तापुर होंगे। सभी धर्मोवलंबी बंधुओ से आग्रह है कि वह भी दैनिक यजमान में एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, श्री कृष्ण रुक्मणी मंगल विवाह में यजमान बनने के इच्छुक समिति अध्यक्ष के पास संपर्क कर सकते हैं। इस संदर्भ में 28 जुलाई रविवार को पूर्वान्ह 11:30 बजे एक सर्वधर्मवलंबी बंधुओं के साथ साधारण सभा का आयोजन किया जाएगा। सभी धार्मिक बंधुएवं महिलाएं सभा में आमंत्रित हैं। सभी के सुझाव से श्रीमद् भागवत कथा के भाव को सफल बनाया जाएगा। सभी धर्म की महिलाएं 8 अगस्त को कलश यात्रा में अपना नाम पंजीकृत करवा सकती हैं। समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य श्रीमद् भागवत कथा में सेवा देने वाले बंधुओं से निवेदन है कि वह भी सभा मे सादर आमंत्रित हैं।

# करगिल विजय दिवस पर मेजर पद्मपाणि आचार्य को अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था, जन ऊर्जा मंच और गुजराती प्रगति समाज के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को करगिल युद्ध विजय दिवस पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भारती पटेल, तेलंगाना राज्य महिला शाखा संरक्षक, राष्ट्रीय सैनिक संस्था, गुजराती विद्या मंदिर स्कूल, एसजीवीएम जूनियर एवं डिग्री गर्ल्स कॉलेज कॉरस्पॉडेंट व श्रीगुजराती विद्या मंदिर हाई स्कूल के छात्रों ने साथ मिलकर करगिल युद्ध के अमर बलिदानी महावीर चक्र मेजर पद्मपाणि आचार्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व शॉल पहनाई।

इस अवसर पर पी. ऋत्विक, अध्यक्ष राज्य युवा शाखा, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के साथ अन्य सदस्य बी. सूरज सिंह, पी. हर्षवर्धन, आर. शैलेश, के. अखिल सिंह, अखिल, शिवा आदि भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बच्चों ने राष्ट्र गान गाकर अमर बलिदानी सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के तेलंगाना राज्य महिला अध्यक्ष व जन ऊर्जा मंच की संस्थापक डॉ. निशीता दीक्षित ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी और जनता व सरकार से अनुरोध किया कि सेवानिवृत पूर्व सैनिकों को सरकारी व निजी क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं।

जिससे देश में आम जनजीवन में अनुशासन, ईमानदारी और देशभक्ति को बढ़ावा दिया जा सके।

# गुरु नानक संस्थानों में स्नातक और प्लेसमेंट समारोह आयोजित




**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गुरु नानक इंस्टीट्यूशन्स ऑफ टेक्निकल कैंपस और गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (जीएनआईटीसी और जीएनआईटी) ने अपने कैंपस इब्राहिमपटनम में अपना 20वां ग्रेजुएशन और प्लेसमेंट डे और एलुमनी मीट समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया। इस अवसर पर गुरु नानक इंस्टीट्यूट टेक्निकल कैंपस से 1045 स्नातकों और गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी से 412 स्नातकों ने भाग लिया और पदक और डिग्री प्रमाण-पत्र प्राप्त किये। यूजी और पीजी कार्यक्रमों में सभी शाखाओं के प्रथम और द्वितीय टॉपर्स को 50 स्वर्ण और रजत पदक प्रदान किये गये। जीएनआई प्रबंधन ने 1470 (जीएनआईटीसी 935, जीएनआईपी 55 और जीएनआईटी 480) छात्रों को नियुक्ति-पत्र और प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किये, जिन्हें लगभग 200 से अधिक बहु-राष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ऑन/ऑफ़ कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रमों के माध्यम से चुना गया।

इस अवसर पर गुरु नानक इंस्टीट्यूशन्स के उपाध्यक्ष सरदार गगनदीप सिंह कोहली और प्रबंध निदेशक डॉ.एच.एस. सैनी ने संस्थापक अध्यक्ष गुरु नानक इंस्टीट्यूशन्स स्वर्गीय सरदार तविंदर सिंह कोहली की स्मृति में प्रत्येक विभाग में पहले दो टॉपर्स को स्वर्ण और रजत पदक प्रदान किये।

सरदार गगनदीप सिंह कोहली ने युवा स्नातकों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि गुरु नानक संस्थान मजबूती से विकसित हो सकते हैं और देश को इस संस्थान से निकलने वाले छात्रों की प्रतिबद्धता और कौशल से लाभ मिल सकता है। डॉ. हरीश कुंद्रा, प्रोफ़ेसर एवं डीन-स्टूडेंट अफेयर्स और डॉ. एसपी यादव विभागाध्यक्ष ईसीई इस कार्यक्रम के संयोजक थे। डॉ. के. वेंकट राव, डॉ. एस. श्रीनाथ रेड्डी, डॉ. पी. पार्थसाराधी, डॉ. ऋषि सयाल, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. एस. वी. रंगनायकुलु, डॉ. हारुन रशीद के साथ-साथ अन्य एसोसिएट डायरेक्टर, डीन, इंजीनियरिंग फार्मेसी और एमबीए की विभिन्न शाखाओं के एचओडी, संकाय सदस्यों और छात्रों ने इस यादगार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को गौरवान्वित किया।



शासनश्री साध्वीश्री शिवमाला जी आदि ठाणा के पावन सान्निध्य में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, सिकंदराबाद व अन्य संस्थाओं द्वारा तपस्वियों का सम्मान किया गया। टिशा दक ने नौ की तपस्या, पायल पारख एवं लक्ष्मीपत बैद ने अठाई की तपस्या का प्रत्याख्यान किया।



महाराजगंज बोलानू के अवसर पर शिव शक्ति सेवा मंडल, किशनगंज नाला ने बोनालू उत्सव के लिए स्वागत मंच तैयार किया। इस विशेष अवसर पर, उन्होंने बजरंग सेना तेलंगाना के राज्य अध्यक्ष एनआर लक्ष्मण राव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए रमेश यादव, गणेश यादव, वेंकटेश यादव, बबूल यादव और अन्य लोगों ने आभार व्यक्त किया।

# नारनौल अग्रवाल समिति की गौरव यात्रा सम्पन्न



**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नारनौल अग्रवाल समिति हैदराबाद सिकंदराबाद के तत्वाधान में भक्तों की मंगल कामना के साथ गौरव यात्रा का आयोजन किया गया श्र यह यात्रा आज 20 जुलाई को हैदराबाद से समिति अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल की नेतृत्व में प्रारंभ होकर 21 जुलाई को तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी संगम स्नान तथा 22 जुलाई को गंगा स्नान, बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन व गंगा आरती के दर्शन के पश्चात 23 जुलाई को अयोध्या में श्री सरयू जी स्नान, सरयू जी महा आरती, हनुमान गढ़ी तथा प्रभु श्री रामलला जी के दर्शन कर 25 जुलाई को हैदराबाद वापसी लौटी।

गौरव यात्रा में समिति द्वारा भक्तों की सुविधा हेतु ट्रेन-बस तथा ठहरने की, भोजन की एवं दर्शन की पूर्ण व्यवस्था की गई थी श्र गौरव यात्रा में सम्मिलित होने वाले सभी भक्तों को नारनौल अग्रवाल समिति हैदराबाद सिकंदराबाद द्वारा स्मृति स्मृति रूप प्रभु श्री राम लाला का चांदी का सिक्का उपहार स्वरूप पंकज कुमार अग्रवाल द्वारा दिया गया ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नारनौल अग्रवाल समिति अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, भारत लाल मोदी, दीपक बजाज, मीना अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, राज कुमार, नरेश जैन, पवन अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, प्रेमचंद अग्रवाल, पुष्करमल अग्रवाल, कपिल बंसल, रोमा अग्रवाल, मंजू सिंघनोडिया एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे ।

# आंध्र प्रदेश को 2024-25 में 1.46 लाख करोड़ के व्यय अंतर का सामना करना पड़ेगा : चंद्रबाबू

**अमरावती, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को कहा कि पिछले पांच वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था के विनाश के कारण 2024-25 के दौरान खर्च में 1.46 लाख करोड़ रुपए से अधिक का अंतर है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को विधानसभा में राज्य के वित्त पर एक श्वेत पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें विकास दर में गिरावट, कुशासन, वित्तीय संसाधनों के कुप्रबंधन, कर्ज के बढ़ते बोझ और 2019 से 2024 तक पूंजीगत व्यय में कमी के लिए पिछली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार को दोषी ठहराया गया।



सीएम नायडू ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए, आवश्यक व्यय के लिए संसाधन अंतर 11,685 करोड़ रुपए है, लेकिन अगर विक्रेताओं, योजनाओं और कर्मचारियों के बकाया को ध्यान में रखा जाए, तो यह अंतर 1,46,909 करोड़ रुपए होगा। उन्होंने कहा कि विक्रेताओं और योजनाओं का बकाया 1,13,244 करोड़ रुपए है, जबकि कर्मचारियों का बकाया 21,980 करोड़ रुपए है। श्वेत पत्र के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के लिए कुल प्राप्तियां 2,39,140 करोड़ रुपए अनुमानित हैं, जबकि कुल आवश्यक व्यय 2,50,825 करोड़ रुपए है।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पांच वर्षों में राज्य का कर्ज 3.75 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 9.74 लाख करोड़ रुपए हो गया, जिससे संभावित ऋण जाल पैदा हो गया। उन्होंने यह भी कहा कि दोषपूर्ण उत्पाद शुल्क, खनन और रेत नीतियों के कारण पांच वर्षों में राजस्व में कमी आई है। उन्होंने कहा, सार्वजनिक खजाने की कीमत पर निजी लाभ के लिए प्राकृतिक संसाधनों की लूट हुई। यह कहते हुए कि पूंजीगत व्यय की कमी और कोई निजी निवेश नहीं होने से अर्थव्यवस्था चरमरा गई, मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरावती और पोलावरम के रूप में विकास के अवसरों का विनाश हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उद्योगों, सेवाओं और व्यापार को लक्षित करने की नीति के साथ-साथ कृषि और जलीय क्षेत्रों की उपेक्षा के परिणामस्वरूप लोगों के जीवन को नष्ट करने के अलावा राज्य को और अधिक नुकसान हुआ।

पोलावरम परियोजना में कुप्रबंधन के बारे में विस्तार से बताते हुए सीएम नायडू ने कहा कि देरी के कारण नुकसान हुआ और 52,900 करोड़ रुपए का संचयी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, पिछली सरकार ने राज्य की राजधानी अमरावती में सभी काम अचानक रोक दिए, जिससे 29,966 किसानों की उम्मीदें टूट गईं, जिन्होंने स्वेच्छा से 34,400 एकड़ जमीन दी थी। निर्माण चरण के दौरान 2 लाख करोड़ रुपए की संभावित संपत्ति का नुकसान हुआ था। सीएम नायडू ने यह भी कहा कि जहां उनकी सरकार ने 2014-19 के दौरान आंध्र प्रदेश को ऊर्जा की कमी वाले राज्य से ऊर्जा-अधिशेष राज्य में बदल दिया था, वहीं वाईएसआरसीपी शासन के दौरान ऊर्जा क्षेत्र में कुशासन था।

उन्होंने कहा बिजली खरीद समझौते रद्द होने से 12,250 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। ऊर्जा क्षेत्र में अकुशल प्रशासन के कारण 1.29 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ, जबकि ग्राहकों और उद्योग के लिए टैरिफ में वृद्धि हुई। सीएम नायडू ने यह भी आरोप लगाया कि अवैध रेत खनन से 7,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ।

उन्होंने कहा, खनिज संपदा की लूट के कारण खनिज राजस्व में 9,750 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। 101.16 एकड़ में फैले मैंग्रोव वन भी नष्ट हो गए। मुख्यमंत्री ने जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर राजनीतिक विरोधियों और असहमति की आवाजों को परेशान करने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया, जिससे जनता का विश्वास कम हुआ और सामाजिक अशांति बढ़ी।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकार द्वारा छोड़ी गई गड़बड़ स्थिति के कारण आगे की यात्रा चुनौतीपूर्ण है। साझेदारी, पारदर्शिता और जन जागरूकता आगे बढ़ने की कुंजी है। सामूहिक समझ और राज्य की प्रगति के लिए लघु, मध्यम और दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए चर्चा और बहस आवश्यक है। उन्होंने इस जिम्मेदारी को लेने और वादों को पूरा करने का विश्वास व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि नई सरकार ने पहले दिन से ही चुनावी घोषणापत्र में किये गये वादों पर अमल किया। इनमें भूमि स्वामित्व अधिनियम को समाप्त करना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाकर 4,000 रुपए करना, 16,347 शिक्षक रिक्तियों को भरने के लिए मेगा डीएससी, कौशल जनगणना, गरीबों को 5 रुपए में भोजन उपलब्ध कराने के लिए अन्ना कैंटीन को फिर से खोलना और मुफ्त आपूर्ति फिर से शुरू करना शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन सरकार सुपर 6 और चुनावी घोषणापत्र में किए गए अन्य वादों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।


उन्होंने कहा कि नई सरकार ने पिछली सरकार के कुप्रबंधन की वास्तविक सीमा को समझने के लिए प्रत्येक नागरिक के लिए सात श्वेत पत्र प्रकाशित किए हैं।

## नगर नगरपालिका कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी



**कागजनगर, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम आसिफाबाद जिला कागजनगर नगर पालिका कर्मचारी कई समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। नगर पालिका में काम करने वाले नॉन मास्टर रोल कर्मचारियों ने पिछले चार माह से वेतन और पीएफ न मिलने पर दुख व्यक्त किया है। सफाई कर्मियों का तीन माह से बकाया चल रहा है, पिछले छह माह में दो कर्मियों की मौत हो गयी, एक पैसे का भी भुगतान नहीं हुआ। प्रार्थना पत्र देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। यदि कर्मचारी मुद्दों पर बात करते हैं तो स्थानीय अधिकारी नौकरी से निकालने और नए लोगों को नियुक्त करने की धमकी देते हैं। नगरपालिका कर्मचारी संघ की जिला समिति के सदस्यों और नेता मल्लेश, रमेश, मधु शेखर भुमैया सुधाकर, जी तिरूपति शंकरम्मा श्यामला पद्मा राम लक्ष्मी और अन्य ने हड़ताल में भाग लिया और लंबित वेतन और पीएफ का पैसा नहीं मिलने तक हड़ताल तेज करने की चेतावनी दी। अध्यक्ष मुंजम आनंद कुमार ने तुरंत समाधान का आश्वासन दिया है। सीटू जिला समिति के सदस्य वेलिशाला कृष्णामाचारी और अन्य ने भाग लिया ।

## करंट लगने से आदिवासी महिला की मौत



**कामारेड्डी, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिले के माचारेड्डी मंडल के मथामरल्ला थांडा में शुक्रवार को एक 37 वर्षीय आदिवासी महिला की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मलोथ प्रमिला सुबह काम करने के लिए अपने खेत में गई थी और गलती से बिजली के टूटे हुए तार पर उसका पैर पड़ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय किसानों ने जब उसे जमीन पर गिरा देखा तो बिजली अधिकारियों को सूचित किया। जिन्होंने बिजली की आपूर्ति बंद कर दी और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल में भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

## मैढ़ स्वर्णकार समाज की कांवड़ यात्रा कल




**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मैढ़ स्वर्णकार समाज तेलगांना की कांवड़ यात्रा 28 जुलाई रविवार को मदन भवन चारकमान से विभिन्न मार्गों से होते हुए नरकोडा स्थित राम मंदिर जाएगी। कांवड़ यात्रा का पहला पड़ाव बहादुरपुरा स्थित देविबाग मंदिर से होगा तथा द्वितीय पड़ाव शमसाबाद मे श्रीराम मन्दिर में होगा। कांवड़ यात्रा की तैयारी का कार्य पूर्ण हो गया है। कांवड़ कार्य करने में समाज के सभी बंधुओं का विषेश सहयोग रहा.कांवड़ बनाने में समाज के राजेश खिप्पल, गौतम सुगन्ध, सुरेश खिप्पल, संजय खिप्पल, गौरव कडेल, अशोक डांवर, विष्णु कडेल, आनन्द झीगा, राजेश घोलस, कार्तिक खिप्पल, योगेन्द्र खिप्पल, प्रवीण खिप्पल, पुनीत ठाकराण, राजकुमार सहदेव समाज के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार कडेल, मंत्री राकेश सुगन्ध, कोषाध्यक्ष विष्णु झीगा ने सभी भक्तो से अनुरोध किया कि कार्यक्रम में पधार कर पुण्य के भागी बनें।

## पुलिस उप-निरीक्षक 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना पुलिस के एक उप-निरीक्षक को अदालत में आरोप पत्र दाखिल करने के एवज में 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि भद्राद्री कोठागुडेम जिले के पल्वोंचा टाउन थाने के उप-निरीक्षक बनाला रामू को गुरुवार दोपहर उनके घर पर 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। उन्हें शिकायतकर्ता के मुवक्किल सीराम श्रावणी की ओर से दर्ज मामले में आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने के लिए वकील कडापकोंडा लक्ष्मा रेड्डी से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था।

## अयप्पा मंदिर समिति ने मोगुला गौड़ को किया सम्मानित



**बांसवाड़ा, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पिछले साल बांसवाड़ा अयप्पा मंदिर के महा मंडल पूजा में अपना योगदान देने वाले मोगुला गौड़ को शुक्रवार को बांसुवाड़ा अयप्पा मंदिर में अयप्पा सेवा समिति के नेतृत्व में गुरुओं और मंदिर समिति की उपस्थिति में मोगुला गौड़ को अयप्पा प्रसाद शॉल देकर सम्मानित किया गया। मंदिर के अध्यक्ष विठ्ठल रेड्डी ने कहा कि कुछ अपरिहार्य कारणों से मोगुला गौड़ नहीं आ सके क्योंकि वह उस समय हैदराबाद में थे।

इस कार्यक्रम में मंदिर प्रशासक गुरुस्वामी बेजागम शंकर गुरुस्वामी, पूर्व अध्यक्ष ममिंडला राजू, रयाला विठ्ठल रेड्डी, गुरुस्वामुलु अर्शापल्ली साई रेड्डी, ममिदला नागराजू, अशोक राव, सिद्दी महेश और अन्य ने भाग लिया।

## कोटागिरी टाउन सेंटर में आवास लाभार्थियों को किया गया चेक वितरण



**बांसवाड़ा, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बांसवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र के कोटागिरी टाउन सेंटर में शुक्रवार को ए.एस. फंक्शन हॉल में आवास लाभार्थियों को चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री, पूर्व विधानमंडल अध्यक्ष, वर्तमान विधायक पोचारम श्रीनिवास रेड्डी और तेलंगाना राज्य कृषि उद्योग के अध्यक्ष कसुला बलाराजू थे। कार्यक्रम में चेक वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में बांसुवाड़ा नगरपालिका अध्यक्ष जंगम गंगाधर, जिला स्तरीय नेता, निर्वाचन क्षेत्र स्तर के नेता, मंडल स्तर के नेता, शहर स्तर के नेता व अन्य लोगों ने भाग लिया।

## दमरे स्काउट एंड गाइड ने स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

### दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में रहे उपस्थित




**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) स्काउट और गाइड फेलोशिप ने चिकित्सा विभाग एस-सीआर के समन्वय से रेलवे संस्थान, मौला-अली, सिकंदराबाद में एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। दमरे महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. सी.के वेंकटेश्वरुलु, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, दमरे, ए.के.श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दमरे, लोकेश विश्नोई, मंडल रेल प्रबंधक, हैदराबाद मंडल, पार्थ सारधी, मुख्य सामग्री प्रबंधक, दमरे और स्वयंसेवक भी उपस्थित थे।इस अवसर पर दमरे महाप्रबन्धक अरुण कुमार जैन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य किसी के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति है। उन्होंने कर्मचारियों को स्वस्थ आहार खाने और उचित शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के लिए दमरे स्काउट एंड गाइड फेलोशिप और चिकित्सा विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम जानकारीपूर्ण और उपयोगी था। महाप्रबंधक ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य के महत्व और उचित कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने के बारे में कर्मचारियों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं।कार्यक्रम के दौरान, स्वास्थ्य के महत्व और सीपीआर जैसे आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए स्टाफ सदस्यों द्वारा एक नाटक का प्रदर्शन किया गया। बाद में ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के डॉ. निरंजन ने मानसून के मौसम के दौरान जल जनित बीमारियों और एहतियाती उपायों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। इससे पहले रेलवे कॉलोनी, मौला-अली में एक स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य के महत्व पर चित्र और उद्धरण चित्रित तख्तियां पकड़ रखी थीं। आज कार्यक्रम में दमरे चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों और अन्य कर्मियों के साथ लगभग 200 लोगों ने हिस्सा लिया।

## दमरे महाप्रबंधक ने गुंतकल-धोन-कुरनूल सिटी सेक्शन का किया निरीक्षण

### अरुण कुमार जैन ने की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा



**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने शुक्रवार को गुंतकल-धोन-कुरनूल सिटी खंड का निरीक्षण किया। गुंतकल मंडल में निरीक्षण के दौरान उनके साथ गुंतकल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एम. विजय कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। महाप्रबंधक ने गुंतकल में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और कार्यों में और तेजी लाने की सलाह दी। महाप्रबंधक ने डीआरएम कार्यालय में मीडिया कर्मियों से भी बातचीत की। इसके अलावा, महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने गुंतकल में नवनिर्मित मंडल परिचालन और नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन किया। नियंत्रण केंद्र हरित भवन अवधारणा और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ बनाया गया है। नियंत्रण केंद्र वह कार्यालय है जो 24/7 ट्रेन संचालन की निगरानी करता है और अपने नेटवर्क पर ट्रेनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है। महाप्रबंधक ने गुंतकल-धोन खंड में पिछली खिड़की का निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने पटरियों और सिग्नलिंग प्रणालियों के सुरक्षा पहलुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने धोने रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने उपलब्ध यात्री सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन मास्टर कार्यालय, वेटिंग हॉल और सर्कुलेटिंग एरिया का भी निरीक्षण किया। बाद में अरुण कुमार जैन ने धोन-कुरनूल खंड में पिछली खिड़की का निरीक्षण किया। उनके साथ हैदराबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक लोकेश विश्नोई भी थे। महाप्रबंधक ने कुरनूल सिटी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन मास्टर कार्यालय और सर्कुलेटिंग एरिया का भी निरीक्षण किया।

# तेलंगाना में अगले 90 दिनों में भरे जाएंगे 30,000 सरकारी पद : रेवंत रेड्डी



**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को घोषणा की कि राज्य सरकार अगले 90 दिनों के भीतर 30,000 सरकारी रिक्तियां भरेगी।श्री रेड्डी ने आज रंगारेड्डी जिले के वट्टिनागुलापल्ली में फायरमैन की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए इस बात पर बल दिया कि तेलंगाना को अलग राज्य बनाने की मांग का एक प्रमुख कारण बेरोजगारी भी था। उन्होंने कहा कि बेरोजगार नौकरी के लिए 10 साल से इंतजार कर रहे थे। इसके जवाब में कांग्रेस सरकार ने राज्य में सत्ता में आने के 90 दिनों के भीतर 31,000 बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र जारी किए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि राज्य सरकार ने 2024-25 के बजट में शिक्षा और कृषि को प्राथमिकता दी है और यह सुनिश्चित किया है कि कर्मचारियों को हर महीने की पहली तारीख को उनका वेतन प्राप्त हो।श्री रेड्डी ने कहा, सरकार लोगों के विचारों को सुनने के लिए उत्सुक है और गरीबों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए बजट में शिक्षा और कृषि को प्राथमिकता दी है। बजट यथार्थवादी दृष्टिकोण के साथ बनाया गया है। फायरमैन के रूप में अपना प्रशिक्षण पूरा करने वाले युवाओं को मेरी शुभकामनाएं। आपके माता-पिता को आपको अपना प्रशिक्षण पूरा करते हुए देखकर बहुत गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा, पिछली सरकार ने तेलंगाना संघर्ष में भाग लेने वाले युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा नहीं किया। जब कांग्रेस सत्ता में आई, तो हमने बेरोजगारों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नौकरी प्लेसमेंट के कागजात वितरित किए। उन्होंने कहा, मैं आप सभी की सराहना करता हूं जो समाज की सेवा करने के उद्देश्य आगे आए हैं। यह सरकार जनता की सोच के अनुरूप आगे बढ़ेगी। बेरोजगारों और छात्रों को मेरी सलाह है कि अगर आपको कोई समस्या है तो मंत्रियों और विधायकों तक पहुंचें। आपका रेवन्तन्ना आपकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा मौजूद रहेगा।

# केंद्रीय बजट से नाराज सीएम रेवंत रेड्डी नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होंगे

**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी 27 जुलाई को दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे।



आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि रेड्डी केंद्र द्वारा राज्य के अधिकारों को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाने और उसे धन जारी नहीं करने के विरोध में नीति आयोग की बैठक से दूर रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय बजट में राज्य के प्रति केंद्र सरकार के कथित भेदभाव के खिलाफ 24 जुलाई को विधानसभा में दिन भर की चर्चा के बाद पारित प्रस्ताव पर बहस के दौरान नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने की बात कही थी। रेड्डी ने कहा था, प्रधानमंत्री नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 27 जुलाई को नीति आयोग की बैठक होगी। मैं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में राज्य के अधिकारों को नुकसान पहुंचाने, उसके हिस्से की राशि जारी नहीं करने और उसे वांछित अनुमतियां नहीं देने के लिए नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार कर रहा हूं।

उन्होंने कहा था कि राज्य सरकार अपना विरोध जताने के लिए नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार कर रही है और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी संसद के चालू सत्र के दौरान आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 में तेलंगाना को दिए गए आश्वासनों और राज्य द्वारा किए गए अनुरोधों पर बयान देंगे तथा तदनुसार बजट में संशोधन करेंगे।

इन आश्वासनों और अनुरोधों में एक स्टील फैक्टरी और रेल कोच फैक्टरी स्थापित करना, सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र (आईटीआईआर) को पुनर्जीवित करना, पलामुरु-रंगा रेड्डी लिफ्ट सिंचाई परियोजना को मंजूरी देना, शेष 2,400 मेगावाट के साथ एनटीपीसी बिजली संयंत्र का निर्माण और पूर्ण रूप से आदिवासी विश्वविद्यालय शुरू करना शामिल है।

# पढ़ाई के लिए जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं स्कूली बच्चे



**आसिफाबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जान जोखिम में डालकर बच्चे नदी पार करते हैं। एक सरकारी शिक्षक ने छात्रों को अपने कंधे पर बिठाकर उफनती नदी को पार कर उनकी जान बचाई। कुमरमभीम आसिफाबाद जिले में एक हफ्ते से भारी बारिश हो रही है। पेंचिकल पटे मंडल के जयहिंदपुर गांव के पास एक तालाब ओवरफ्लो हो गया है और सड़क पर पानी तेजी से बह रहा है। नदी की बाढ प्राथमिक स्कूलों के पास तक पहुंच गई है। जहां स्कूल में 30 लोग पढ़ते हैं, वहीं नदी के दूसरी तरफ से 20 लोग हमेशा स्कूल आते हैं। शुक्रवार को स्कूल के बाद शिक्षक संतोष छात्र को लेकर उफनती नदी को पार करके दूसरे किनारे तक पहुंचाया। रोज बच्चे अपनी जान हथेली पर रखकर स्कूल में पढ़ने के लिए जाते हैं। और इसी प्रकार स्कूल के शिक्षक भी जान हथेली पर रखकर बच्चों को स्कूल पढ़ने के लिए आते हैं।

# बीआरएस विधायकों और एमएलसी ने किया कन्नेपल्ली पंप हाउस का दौरा

**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायकों और एमएलसी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री केटी रामा राव (केटीआर) के नेतृत्व में शुक्रवार को कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (केएलआईपी) के अपने दो दिवसीय दौरे के तहत कन्नेपल्ली पंप हाउस का दौरा किया।



मीडिया से बात करते हुए, केटीआर ने दुनिया की सबसे बड़ी बहुउद्देश्यीय परियोजना कलेश्वरम के निर्माण में पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने तेलंगाना में सूखे को खत्म करने के लिए केसीआर के दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की। केटीआर ने जोर देकर कहा कि कलेश्वरम परियोजना का निर्माण नई और मौजूदा दोनों सिंचाई प्रणालियों का समर्थन करने के लिए किया गया था। समुद्र तल से 618 मीटर ऊपर पानी उठाने वाली इस परियोजना का उद्देश्य पूरे क्षेत्र को पानी उपलब्ध कराना है।

केसीआर के निर्देशों का पालन करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र स्तर पर पूरी परियोजना का निरीक्षण किया। केटीआर ने मौजूदा जल संकट का जिक्र करते हुए कहा कि लोअर मनैर डैम (एलएमडी) और मिड मनैर डैम में पानी नहीं है और श्रीरामसागर में 90 टीएमसी में से केवल 25 टीएमसी ही है। केटीआर ने तेलंगाना संघर्ष में शामिल युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा नहीं करने के लिए मौजूदा कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उन्होंने मौजूदा सरकार से राजनीतिक चालबाजी से बचने और किसानों की मदद पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

केटीआर ने भाजपा और कांग्रेस पर झूठे दावे करके और कालेश्वरम परियोजना के बारे में गलत सूचना फैलाकर केसीआर को बदनाम करने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया। उन्होंने किसानों के लाभ के लिए कन्नेपल्ली पंप हाउस को तत्काल चालू करने का आह्वान किया। केटीआर ने घोषणा की कि अगर सरकार दो अगस्त तक पानी पंप करना शुरू नहीं करती है, तो वे 50,000 किसानों के साथ मिलकर पंप हाउस खुद शुरू करने के लिए विरोध प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अभी चुनाव नहीं हैं और किसानों तथा लोगों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। केटीआर ने जोर देकर कहा कि कालेश्वरम से पानी उठाने में सरकार की अनिच्छा केसीआर के अधिक प्रसिद्धि पाने के डर का परिणाम है। उन्होंने किसानों के लाभ के लिए तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया और सरकार की लापरवाही की आलोचना की।

# फसल ऋण माफी में देरी पर हरीश राव ने की कांग्रेस सरकार की आलोचना

**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वरिष्ठ बीआरएस विधायक टी हरीश राव ने किसान ऋण माफी के वादे में देरी करने के लिए तेलंगाना सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इससे कृषक समुदाय के लिए नई समस्याएं पैदा हो गई हैं।



उन्होंने कहा कि ऋण माफी प्रक्रिया को तुरंत शुरू करने में सरकार की विफलता के कारण किसानों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ा है। उन्होंने कहा 9 दिसंबर को किसान ऋण माफी के वादे से मुकरने और सात महीने बाद प्रक्रिया शुरू करने से, किसानों को अब नई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बैंकर उनसे ऋण माफ करने से पहले इन सात महीनों के लिए ब्याज का भुगतान करने के लिए कह रहे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि किसान अब विलंबित ऋण माफी पर ब्याज का भुगतान करने के लिए नए ऋण लेने से चिंतित हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत जवाब दे और स्पष्ट निर्देश जारी करे, जिसमें दिसंबर से जुलाई तक का ब्याज वहन किया जाएगा, जिससे किसानों को इस अतिरिक्त बोझ से राहत मिलेगी।

पूर्व मंत्री ने इस मुद्दे को रेखांकित करने के लिए विशिष्ट मामलों का हवाला दिया और एक्स पर किसानों से जबरन प्राप्त ऐसे भुगतान की रसीदें साझा कीं। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मेदक जिले के नरसापुर निर्वाचन क्षेत्र के शिवमपेट मंडल के एक किसान को ब्याज में 9,000 रुपये का भुगतान करने के बाद अपना फसल ऋण बंद करना पड़ा। पूर्ववर्ती करीमनगर जिले के चिगुरुमामिडी मंडल के किसान भी इसी तरह की स्थिति का सामना कर रहे हैं। उन्होंने किसानों की अपील को मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को भेज दिया और इस मुद्दे को हल करने और कृषक समुदाय के बीच और संकट को रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया।

# तेंदुए के संदिग्ध हमले में भैंस की मौत



**मेदक, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिले में घरेलू जानवरों पर तेंदुए के हमले की एक और घटना सामने आई है। अधिकारियों के अनुसार, संदेह है कि शुक्रवार तड़के रामायमपेट मंडल के थोनिगांदला गांव में एक तेंदुए ने एक भैंस को मार डाला। किसान के. रमेश ने गुरुवार की रात अपने मवेशियों को गांव के बाहरी इलाके में एक शेड में रखा था। शुक्रवार सुबह जब वह शेड में लौटा तो उसने उनमें से एक को मृत पाया। रमेश ने वन अधिकारियों को बुलाया जिन्होंने उस स्थान का दौरा किया और विवरण एकत्र किया। वन अधिकारियों ने ग्रामीणों को अलर्ट पर रखा है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि वे अकेले जंगल में न जाएं।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.